**Ref. No. CS/S/L-964/2026-27** **8th May, 2026**

| To: | To: |
|---|---|
| The Listing Department<br>**NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED**<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra-Kurla Complex<br>Bandra (E ), Mumbai – 400 051<br>**Scrip Code: VMART**<br>Fax: 022-26598120<br>Email: cmlist@nse.co.in | The Corporate Relationship Department<br>**THE BSE LTD**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>**Scrip Code: 534976**<br>Fax: 022-22723121<br>Email: corp.relations@bseindia.com |

**Sub: Copies of the Newspaper Publication**

Dear Sir/Ma'am,

Please find enclosed herewith the copy of the newspaper publication of the audited financial results of the Company for the fourth quarter and year ended on March 31, 2026 as published in terms of the Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended, on Friday, May 08, 2026 in "Business Standard" English and "Business Standard" Hindi newspapers.

This information will also be made available on the Company's website at www.vmart.co.in.

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Truly
For **V-Mart Retail Limited**

MEGHA TANDON
Digitally signed by MEGHA TANDON
Date: 2026.05.08 10:07:55 +05'30'

**Megha Tandon**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Encl: As above

# KOTHARI PRODUCTS LIMITED

Regd. Off : "PAN PARAG HOUSE", 24/19, The Mall, Kanpur - 208001 Ph : (0512) 2312171 – 74
E-mail: rkgupta@kothariproducts.in, website: https://www.kothariproducts.in
CIN : L16008UP1983PLC006254

## NOTICE

**NOTICE TO SHAREHOLDERS – SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERIALISATION OF PHYSICAL SECURITIES**

Securities and Exchange Board of India (SEBI) vide Circular dated January 30, 2026 has allowed opening of a special window to facilitate transfer and dematerialization ("demat") of physical securities which were sold/purchased prior to April 1st, 2019. The special window shall also be available for such transfer requests which were rejected / returned / not attended to, due to deficiency in the documents / process / or otherwise.

**KEY DETAILS**

| | |
|---|---|
| SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER & DEMATERIALISATION | PERIOD – FEBRUARY 5th, 2026 TO FEBRUARY 4th, 2027 |
| WHO CAN LODGE THE TRANSFER REQUESTS ? | INVESTORS WHOSE TRANSFER DEEDS WERE LODGED PRIOR TO APRIL 1st, 2019 AND THE SAME WERE REJECTED, RETURNED OR NOT PROCESSED DUE TO DEFICIENCIES IN DOCUMENTATION **AND** INVESTORS WHO SOLD / PURCHASED SECURITIES PRIOR TO APRIL 1st, 2019. |
| HOW TO LODGE THE TRANSFER REQUESTS ? | ELIGIBLE INVESTORS ARE REQUESTED TO LODGE THEIR TRANSFER REQUESTS WITH COMPLETE AND CORRECT DOCUMENTATION TO THE COMPANY'S REGISTRAR AND TRANSFER AGENT AND FOR ANY QUERIES PLEASE CONTACT AT ADDRESS GIVEN BELOW WITHIN THE PERIOD SPECIFIED ABOVE. **ALANKIT ASSIGNMENTS LTD. CORPORATE OFFICE: "ALANKIT HOUSE" 4E/2, JHANDEWALAN EXTENSION, NEW DELHI – 110 055 PHONE NOS. (011) 42541234 & 23541234 MAIL: INFO@ALANKIT.COM** |

**NOTE:** The shares that would be lodged for transfer shall be issued only in dematerialized form. Shareholders are advised to initiate necessary action without delay to regularize pending transfer cases.

**for KOTHARI PRODUCTS LTD.**
**Sd/-**
**(RAJ KUMAR GUPTA)**
**FCS & COMPLIANCE OFFICER**
**FCS – 3281**

**DATE:** 6TH May, 2026
**PLACE:** KANPUR

---

# TATA CONSULTANCY SERVICES LIMITED

## NOTICE

**Sub: Transfer of Unclaimed Dividend(s) and Equity Shares of the Company to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Account**

Pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ("Act") read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 ("Rules"), shares in respect of which dividend has remained unclaimed for seven consecutive years or more are required to be transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Authority.

In accordance with the aforesaid provisions, individual communication has been sent to the registered address of the shareholders whose dividends have remained unclaimed for seven consecutive years and whose shares are liable to be transferred to the IEPF Authority, three months prior to the due date of transfer. This notice is simultaneously being published in the newspapers as required under the Act and the Rules.

The complete details of these shareholders are being uploaded on the Company's website **www.tcs.com**.

In case the dividends are not claimed by the concerned Shareholder(s) by **August 8, 2026 for First Interim Dividend 2019-20,** necessary steps will be initiated by the Company to transfer shares held by the concerned shareholder(s) to IEPF without further notice in the following manner:

In case the shares are held:

- **In physical form** - New share certificate(s) will be issued and transferred in favour of IEPF on completion of necessary formalities. The original share certificate(s) which stand registered in the name of shareholder will be deemed cancelled and the cancellation will be non-negotiable.
- **In demat form** - The Company shall inform the depository by way of corporate action for transfer of shares lying in shareholder's demat account in favour of IEPF.

In the event shares and unclaimed dividend are transferred to IEPF, procedure to claim the same is available at **https://www.tcs.com/investor-relations/investor-faqs**

The shareholders may further note that the details of unclaimed dividends and shares of the concerned shareholder(s) uploaded by the Company on its website **www.tcs.com** shall be treated as adequate notice in respect of issue of the new share certificate(s) by the Company for the purpose of transfer of shares to IEPF pursuant to the Rules. **Please note that no claim shall lie against the Company in respect of unclaimed dividend and equity shares transferred to the IEPF**.

In case the shareholders have any queries on the subject matter, they may contact **MUFG Intime India Private Limited (Formerly Link Intime India Private Limted)**, Unit: Tata Consultancy Services Limited, C-101, Embassy 247, L.B.S.Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400083, Tel: +91 810 811 8484, Website: **https://in.mpms.mufg.com/** or raise a service request through: **https://web.in.mpms.mufg.com/helpdesk/Service_Request.html** or write email at **investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com**

For **Tata Consultancy Services Limited**

**Sd/-**
**Yashaswin Sheth**
Company Secretary
ACS 15388

Place : Mumbai
Date : May 8, 2026

**Registered Office:**
9th Floor, Nirmal Building, Nariman Point, Mumbai 400 021
Tel: +91 22 6778 9595
Email: **investor.relations@tcs.com** Website: **www.tcs.com**
CIN: L22210MH1995PLC084781

---




**Extract of audited financial results for the fourth quarter and year ended March 31, 2026**

₹in lakhs (except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2026 (Audited) | Quarter Ended 31.12.2025 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2025 (Audited) | Year Ended 31.03.2026 (Audited) | Year Ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income | 97,561 | 1,13,034 | 78,241 | 3,80,440 | 3,26,598 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,162 | 11,502 | (129) | 15,597 | 1,978 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,254 | 11,291 | 2,289 | 15,478 | 4,396 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,128 | 8,799 | 1,851 | 12,400 | 4,577 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,186 | 8,776 | 1,762 | 12,381 | 4,296 |
| 6 | Paid up equity share capital (face value of ₹10 per share each) | 7,946 | 7,944 | 1,980 | 7,946 | 1,980 |
| 7 | Other equity | | | | 87,164 | 79,038 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | |
| 9 | Earnings Per Share (of ₹10/- each) (not annualized) | | | | | |
| | (a) Basic (₹) | 1.49 | 11.08 | 2.34 | 11.79 | 5.78 |
| | (b) Diluted (₹) | 1.48 | 11.03 | 2.31 | 11.74 | 5.72 |

**Note:**

The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of quarterly financial results is available on the Stock Exchanges websites - www.nseindia.com/www.bseindia.com and on the Company's Website - www.vmart.co.in.

The financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind -AS') as notified under the the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as specified in section 133 of the Companies Act, 2013.

The said financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on May 7, 2026. The statutory auditors have carried out review of these Financial Results and have issued an unmodified opinion on these results.

For and on behalf of the Board of Directors of V-Mart Retail Ltd.
Sd/-
**Lalit Agarwal**
Managing Director
DIN: 00900900

**Place:** Gurugram
**Date:** 7 May, 2026

# V-MART RETAIL LIMITED

**Regd. Off.-** 610-611, Guru Ram Das Nagar, Main Market, Opp. SBI Bank, Laxmi Nagar, New Delhi - 110092
**Corporate Off.** - Plot No. 90-D, Sector 18, Udyog Vihar, Gurugram - 122015 (Haryana)
**Tel.:** 0124-4640030; **Email:** cs@vmart.co.in; **Website:** www.vmart.co.in; **CIN-** L51909DL2002PLC163727

---

# R SYSTEMS INTERNATIONAL LIMITED

[Corporate Identity Number: L74899DL1993PLC053579]
Registered Office: GF-1-A, 6, Devika Tower, Nehru Place, New Delhi-110019
Corporate Office: 3rd Floor, Tower No. 1, IT/ITES SEZ of Artha Infratech Pvt. Ltd, Plot No. 21, Sector TechZone-IV, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201306
Phone: +91-120-4303500 | Email: rsil@rsystems.com | Website: www.rsystems.com

**Statement of Financial Results (Audited Standalone and Unaudited Consolidated) for the quarter ended March 31, 2026**

The Board of Directors of R Systems International Limited (the "Company") at its meeting held on Wednesday, May 06, 2026, have inter-alia approved the Financial Results (Audited Standalone and Unaudited Consolidated) of the Company for quarter ended March 31, 2026 ("Financial Results").

The Financial Results have been posted on the Stock Exchange websites i.e., www.bseindia.com, www.nseindia.com and website of the Company at https://www.rsystems.com/investors-info/quarterly-results/. The same can also be accessed by scanning the below QR code:

**For and on behalf of the Board of**
**R Systems International Limited**

**Nitesh Bansal**
**(Managing Director & Chief Executive Officer)**
**(DIN: 10170738)**

Place : Frisco TX, USA
Date: May 07, 2026

---

# BAJAJ HOLDINGS & INVESTMENT LIMITED

**CIN:** L65100PN1945PLC004656
**Registered Office:** C/o Bajaj Auto Limited Complex, Mumbai - Pune Road, Akurdi, Pune - 411 035
**Corporate Office:** 6th Floor, Bajaj Finserv Corporate Office, Off Pune - Ahmednagar Road, Viman Nagar, Pune - 411 014
**Website:** www.bhil.in | **E-mail ID:** investors@bhil.in | **Telephone:** +91 20 7157 6066

**Extract of unaudited/audited consolidated financial results for the quarter and financial year ended 31 March 2026**

(₹ In Crore)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2026 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) | Year ended 31.03.2026 (Audited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operations | 60.54 | 145.26 | 1,069.58 | 684.42 |
| 2 | Profit before exceptional item and tax | 30.96 | 181.40 | 928.99 | 616.30 |
| 3 | Exceptional item of income<br>Profit on sale of equity shares of Bajaj Finserv Limited | - | - | 1,521.88 | - |
| 4 | Share of profits of associates | 2,262.19 | 1,607.95 | 7,605.77 | 6,131.53 |
| 5 | Profit before tax | 2,293.15 | 1,789.35 | 10,056.64 | 6,747.83 |
| 6 | Profit for the period (attributable to owners of the company) | 2,575.00 | 1,725.49 | 9,636.75 | 6,520.67 |
| 7 | Total comprehensive income (attributable to owners of the company) | 4,303.18 | 2,873.01 | 11,764.36 | 8,467.23 |
| 8 | Paid-up equity share capital | 111.29 | 111.29 | 111.29 | 111.29 |
| 9 | Other equity | | | 73,039.29 | 62,576.26 |
| 10 | Basic and diluted earnings per share (₹) (not annualised)<br>(Face value of ₹ 10 each) | 231.4 | 155.0 | 865.9 | 585.9 |

Key standalone financial information is given below: (₹ In Crore)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2026 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) | Year ended 31.03.2026 (Audited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income | 69.02 | 167.29 | 3,184.31 | 1,600.25 |
| 2 | Profit before exceptional item and tax | 25.00 | 118.77 | 2,993.72 | 1,412.72 |
| 3 | Exceptional item of income<br>Profit on sale of equity shares of Bajaj Finserv Limited | - | - | 1,982.99 | - |
| 4 | Profit before tax | 25.00 | 118.77 | 4,976.71 | 1,412.72 |
| 5 | Profit after tax | 310.35 | 90.72 | 4,707.80 | 1,291.83 |

Note: The above is an extract of the unaudited/audited financial results for the quarter and financial year ended 31 March 2026 which have been reviewed by the Audit Committee, approved by Board of Directors at its meeting held on 7 May 2026, subjected to audit by statutory auditors and filed with the stock exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the aforesaid financial results is available on the website of the Company, BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited i.e. www.bhil.in, www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

**By order of the Board of Directors**
**For Bajaj Holdings & Investment Limited**

BAJAJ HOLDINGS & INVESTMENT

**Sanjiv Bajaj**
**Managing Director & CEO**
**DIN: 00014615**

**Pune**
**7 May 2026**

---

Celgall
PURSUIT WITH EXCELLENCE

# CEIGALL INDIA LIMITED

Registered Office: A-898, Tagore Nagar, Ludhiana, Punjab-141001
Corporate Office: Plot No. 452, Udyog Vihar Phase-V, Near GPO Gurugram, Behind Enkay Tower, Gurugram, Haryana-122016
CIN: L45201PB2002PLC025257, E-mail: secretarial@ceigall.com, Website: www.ceigall.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31 MAR, 2026**

(All amounts in Million INR unless otherwise stated)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended | | Quarter ended | | | Year ended | |
| | | 31-Mar-26 (Refer Note 3) | 31-Dec-25 (Unaudited) | 31-Mar-25 (Refer Note 3) | 31-Mar-26 (Audited) | 31-Mar-25 (Audited) | 31-Mar-26 (Refer Note 3) | 31-Dec-25 (Unaudited) | 31-Mar-25 (Refer Note 3) | 31-Mar-26 (Audited) | 31-Mar-25 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 13,061.81 | 9,816.81 | 10,122.61 | 39,247.45 | 34,379.59 | 13,988.12 | 10,020.05 | 10,348.21 | 40,766.56 | 34,929.60 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,631.42 | 989.45 | 936.23 | 4,108.31 | 3,615.69 | 1,759.32 | 970.45 | 979.34 | 4,176.28 | 3,845.88 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,631.42 | 989.45 | 936.23 | 4,108.31 | 3,615.69 | 1,759.32 | 970.45 | 979.34 | 4,176.28 | 3,845.88 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,189.42 | 744.56 | 696.49 | 3,051.83 | 2,702.48 | 1,290.34 | 723.87 | 723.88 | 3,089.20 | 2,865.74 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,192.87 | 745.81 | 701.02 | 3,067.55 | 2,710.32 | 1,293.75 | 725.12 | 728.47 | 3,104.89 | 2,876.62 |
| 6 | Paid up equity share capital (Face value of 5/- each) | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 | 871.02 |
| 7 | Other equity (excluding revaluation reserves) as at balance sheet date | | | | | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Equity Shares (not annualised for quarters) | | | | | | | | | | |
| | Basic (In ₹) | 6.83 | 4.27 | 4.00 | 17.52 | 16.07 | 7.41 | 4.16 | 4.16 | 17.73 | 17.04 |
| | Diluted (In ₹) | 6.83 | 4.27 | 4.00 | 17.52 | 16.07 | 7.41 | 4.16 | 4.16 | 17.73 | 17.04 |

**Notes :**

1) The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on Stock Exchanges website (www.bseindia.com, www.nseindia.com) and Company's website (www.ceigall.com).
2) The above standalone/consolidated results, reviewed by the Audit Committee, were approved by the Board of Directors at their respective meetings held on May 06, 2026 and May 07, 2026.
3) The figures for the quarter ended 31 March 2026 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and publish year to date unaudited figures upto third quarter of the respective financial year, which were subjected to limited review by the statutory auditors.

**For and on behalf of the Board of Directors**
**Ceigall India Limited**
**Sd/-**
**Ramneek Sehgal**
**Chairman & Managing Director**
**(DIN: 01614465)**

**Place: Gurugram**
**Date: 7th May, 2026**

**सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की आगे की राह**

# ग्रामीण बाजार, मार्जिन की क्षमता अहम

राम प्रसाद साहू
मुंबई, 7 मई



देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का शेयर गुरुवार को 3.33 फीसदी उछलकर 5,341 रुपये पर बंद हुआ। शेयर में इजाफा कंपनी की चौथी तिमाही के मजबूत नतीजों और इस साल बिक्री के मोर्चे पर उम्दा प्रदर्शन व बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी की उम्मीदों से हुआ।

ज्यादातर ब्रोकरेज फर्म आने वाले समय में कई नए लॉन्च और आकर्षक मूल्यांकन को देखते हुए शेयर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे कंपनी और इस सेक्टर पर कमोडिटी की महंगाई के असर को देखते हुए सावधानी की सलाह भी दे रही हैं। मौजूदा कीमत पर यह शेयर वित्त वर्ष 27 की अनुमानित कमाई के 18 गुना पर कारोबार कर रहा है और शेयर में आगे बढ़त ग्रामीण बाजार की मांग में तेजी, मार्जिन बनाए रखने की क्षमता और बेहतर अमल पर निर्भर करेगी।

मार्च तिमाही में कंपनी के राजस्व में सालाना आधार पर 28.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी मुख्य वजह बिक्री में 24.2 फीसदी और बिक्री से मिलने वाली शुद्ध रकम में 3.7 फीसदी की वृद्धि रही। कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 27 में देसी दोपहिया उद्योग में एक अंक में बढ़ोतरी होगी, जिसमें स्कूटर सेगमेंट प्रतिस्पर्धी मोटरसाइकिल सेगमेंट से कुछ फीसदी ज्यादा तेजी से बढ़ेगा। प्रबंधन को उम्मीद है कि इन दोनों सेगमेंट में उसकी बिक्री पूरे सेक्टर के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करेगी।

मोतीलाल ओसवाल रिसर्च के अनिकेत म्हात्रे की अगुआई वाले विश्लेषकों का मानना है कि हीरो मोटोकॉर्प को ग्रामीण इलाकों में धीरे-धीरे बढ़ रही मांग से फायदा होगा। इकनॉमी और एग्जिक्यूटिव सेगमेंट में यह ब्रांड काफी मजबूत है। उनका कहना है कि स्कूटर-दोनों तरह के यानी इंटरनल कंबस्टन इंजन और इलेक्ट्रिक व्हीकल वेरिएंट और निर्यात में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर कंपनी का ध्यान, वॉल्यूम वृद्धि में मददगार होगा। उन्हें उम्मीद है कि नए लॉन्च और निर्यात में बढ़ोतरी (वित्त वर्ष 26 में 41 फीसदी की बढ़त) की वजह से कंपनी वित्त वर्ष 26-28 के दौरान सालाना 8 फीसदी की वॉल्यूम वृद्धि हासिल करेगी। उन्होंने इस शेयर को खरीद की रेटिंग दी है और इसकी लक्षित कीमत 6,248 रुपये तय की है।

बिक्री में बढ़ोतरी के बावजूद सकल मार्जिन 300 आधार अंक गिरकर 31.5 फीसदी रह गया, जो अनुमान से कम था। जहां एक ओर दोपहिया वाहन बनाने वाली इस बड़ी कंपनी का परिचालन लाभ सालाना आधार पर 31.1 फीसदी बढ़ा, वहीं परिचालन स्तर पर मार्जिन में मामूली बढ़ोतरी हुई और यह 30 आधार अंक बढ़कर 14.5 फीसदी हो गया।

हालांकि एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने इस शेयर को खरीद रेटिंग दी है, लेकिन उनका मानना है कि कंपनी को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रोकरेज के हितेश ठकुरानी और शुभांगी केजरीवाल का कहना है कि वे अभी भी सतर्क हैं, क्योंकि खराब मॉनसून, कीमतों में भारी बढ़ोतरी और महंगाई की आशंका है, जिससे मांग कम हो सकती है। वे कहते हैं कि जहां प्रबंधन ने मध्यम अवधि के लिए 14-16 फीसदी के परिचालन लाभ मार्जिन के अपने अनुमान पर कायम रहने की बात कही, वहीं उसने वित्त वर्ष 27 के लिए कम से कम 14 फीसदी मार्जिन की भी कोई गारंटी नहीं दी।

कुछ ब्रोकरेज का मानना है कि मार्जिन पर दबाव या कीमतों में बढ़ोतरी का असर हीरो मोटोकॉर्प पर अन्य दोपहिया वाहन बनाने वाली बड़ी कंपनियों की तुलना में ज्यादा पड़ सकता है।

नोमूरा रिसर्च इस शेयर को लेकर तटस्थ है। उसका मानना है कि अगर युद्ध लंबा खिंचता है तो हीरो मोटोकॉर्प पर अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ज्यादा असर पड़ सकता है। इसलिए कि 100 सीसी सेगमेंट में इसके ग्राहक कीमतों को लेकर काफी संवेदनशील होते हैं। ब्रोकरेज ने अपने टारगेट मल्टीपल को पहले के 17 गुना से घटाकर वित्त वर्ष 28 की कमाई का 15 गुना कर दिया है। पश्चिम एशिया युद्ध से जुड़े जोखिमों और ईंधन की कीमतों, महंगाई और कमोडिटीज पर पड़ने वाले असर को ध्यान में रखकर ऐसा किया गया है।

एंटिक स्टॉक ब्रोकिंग ने इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इस शेयर में बने रहने की सलाह दी है। ब्रोकरेज फर्म के श्रीधर कल्लानी और राहुल देशमुख का मानना है कि ग्रामीण इलाकों में सुधार और नए लॉन्च की लगातार तैयारी की वजह से निकट भविष्य में मांग मजबूत बनी रहेगी। लेकिन कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) नियमों का लागू होना, और दो हेलमेट नीति के कारण वाहनों की कीमतें बढ़ सकती हैं, खासकर एंट्री-लेवल सेगमेंट में। इससे परिचालन लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है, जिससे जीएसटी में किए गए सुधारों से मिलने वाले फायदे कुछ हद तक कम हो सकते हैं।

### कैसा रहेगा कारोबार

- ज्यादातर ब्रोकरेज फर्म आने वाले समय में कई नए लॉन्च और आकर्षक मूल्यांकन को देखते हुए सकारात्मक हैं
- लेकिन वे कंपनी और इस सेक्टर पर कमोडिटी की महंगाई के असर को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह भी दे रहे हैं
- एक ब्रोकरेज फर्म ने हालांकि कहा कि खराब मॉनसून, कीमतों में भारी बढ़ोतरी और महंगाई की आशंका है, जिससे मांग कम हो सकती है।
- प्रबंधन ने मध्यम अवधि के लिए 14-16 फीसदी के परिचालन लाभ मार्जिन के अपने अनुमान पर कायम रहने की बात कही


# सक्रिय ग्राहक बढ़े पर ब्रोकरेज के खिलाफ शिकायतें घटीं

## एक दशक में ग्राहकों की भागीदारी बढ़ने के मुकाबले शिकायतें आधी हो गईं, क्योंकि प्रक्रियाएं हुईं बेहतर

सचिन मामपट्टा
मुंबई, 7 मई

**शेयर** बाजार में नए निवेशकों की संख्या में शानदार बढ़ोतरी के बावजूद ब्रोकरों से जुड़ी शिकायतों की रफ्तार धीमी हुई है। असल में, एक्सचेंज के आंकड़ों का बिज़नेस स्टैंडर्ड द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि पिछले एक दशक में सक्रिय निवेशकों की संख्या के मुकाबले शिकायतों की संख्या में कमी आई है।

वित्त वर्ष 2026 के लिए एनएसई के आंकडों पर नजर डालें तो पता चलता है कि ब्रोकरेज फर्मों के खिलाफ कुल 15,770 शिकायतें दर्ज की गईं। 4.57 करोड़ सक्रिय ग्राहकों के आधार पर यह आंकड़ा प्रति 10 ग्राहकों पर 340 शिकायतों का बनता है। यह पिछले वर्ष की तुलना में कम है, जब प्रति 10 लाख सक्रिय ग्राहकों पर 400 शिकायतें दर्ज की गई थीं। हाल के आंकड़े, तुलनात्मक आधार पर एक दशक पहले के आंकड़ों से भी कम हैं। वित्त वर्ष 2016 में, हर दस लाख सक्रिय निवेशकों पर 900 शिकायतें मिली थीं। उस समय सक्रिय ग्राहकों की संख्या 52 लाख थी और तब से इसमें 784 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह, इसी अवधि के दौरान बीएसई के ग्राहकों की संख्या में 998 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 2.4 करोड़ हो गई है। लेकिन हर दस लाख सक्रिय ग्राहकों पर शिकायतों की संख्या वित्त वर्ष 2016 के 506 से घटकर वित्त वर्ष 2025 में 34 रह गई है। वित्त वर्ष 2026 के लिए बीएसई के आंकड़े दिसंबर तक उपलब्ध हैं, जिनसे पता चलता है कि हर दस लाख सक्रिय निवेशकों पर 15 शिकायतें मिली हैं।



**वित्त वर्ष 2026 के लिए एनएसई के आंकड़े बताते है कि ब्रोकरेज फर्मों के खिलाफ कुल 15,770 शिकायतें दर्ज की गईं, जो पहले के मुकाबले काफी कम है**

एक्टिव क्लाइंट्स यानी सक्रिय ग्राहक वे होते हैं जिन्होंने पिछले एक साल में कम से कम एक बार ट्रेड जरूर किया हो। ब्रोकरेज के खिलाफ शिकायतों में फंड या डॉक्यूमेंट्स न मिलना, या बिना सहमति के ट्रेड करना आदि शामिल हो सकते हैं।

इनमें से ज्यादातर प्रक्रियाओं में अब बदलाव आया है। पहले बकाया रकम का भुगतान चेक या डिमांड ड्राफ्ट के जरिये किया जाता था। अब यह काम ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सीधे निवेशक के बैंक खाते में किया जाता है। पहले कॉन्ट्रैक्ट नोट जैसे दस्तावेज डाक से भेजे जाते थे। अब इन्हें अक्सर ईमेल कर दिया जाता है। शेयरों की खरीद-बिक्री अब शायद ही कभी किसी डीलर के जरिये की जाती है। ज्यादातर निवेशक यह काम खुद ही किसी ऑनलाइन ब्रोकरेज पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिये करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को अपनाने से उन कई रुकावटों को दूर करने में मदद मिली है, जिनकी वजह से पहले शिकायतें आती थीं।

2006 से 2020 के बीच लुधियाना रिटेल इन्वेस्टर्स एसोसिएशन से जुड़े रहे जे आर जैग ने कहा, 'सिस्टम में सुधार हुआ है। ट्रेडिंग में आने वाली पुरानी दिक्कतें, तकनीकी अपग्रेडेशन की वजह से काफी हद तक खत्म हो गई हैं।' उन्होंने बताया कि अब शिकायतें ज्यादातर तभी आती हैं, जब किसी तरह की तकनीकी खराबी हो।


मुंबई स्थित 'इन्वेस्टर एजुकेशन ऐंड वेलफेयर एसोसिएशन' के अध्यक्ष भावेश वोरा ने इस बात से सहमति जताई कि शिकायतों में काफी कमी आई है। यह संगठन सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है। उनके अनुसार, शेयर बाजारों की बदलती संरचना के साथ-साथ, निवेशकों की शिक्षा और जागरूकता के लिए नियामकीय हस्तक्षेप ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

निवेशक संघ 'मिडास टच' के संस्थापक वीरेंद्र जैन ने बताया कि पुराने समय में निवेशकों की शिकायतें मुख्य रूप से लाभांश न मिलने या दस्तावेजों की डिलिवरी न होने जैसे मुद्दों पर केंद्रित होती थीं। यह संघ कई वर्षों तक निवेशकों के लिए एक हेल्पलाइन चलाता रहा, जिसकी शुरुआत 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट से भी पहले हो गई थी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 114 अंक टूटा, निफ्टी स्थिर

## सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला

**विदेशी** संस्थागत निवेशकों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। निवेशकों के सतर्क रुख के चलते सेंसेक्स 114 अंक टूटा जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।



बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान ऊपर-नीचे होने के बाद अंत में 114 अंक यानी 0.15 फीसदी टूटकर 77,844.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 78,384.70 अंक के उच्चस्तर तक गया और 77,713.21 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं एनएसई निफ्टी 4.30 अंक यानी 0.02 फीसदी के मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, भारतीय बाजार में पूरे सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव होता रहा। निफ्टी 24,326 अंक पर स्थिर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी, कच्चे तेल के दाम के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने, रुपये की कमजोरी तथा शांति वार्ता पर ईरान के रुख को लेकर असमंजस के बीच बाजार धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाइटन, सन फार्मा और आईटीसी में गिरावट आई। दूसरी ओर, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर चढ़े। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.40 फीसदी चढ़ गया जबकि स्मॉलकैप में 1.09 फीसदी की बढ़त रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता, रुपये की स्थिरता, वैश्विक धारणा में सुधार और चुनिंदा शेयरों में लिवाली के चलते आशावाद का रुख कायम है। हालांकि, आगे चलकर भू राजनीतिक अनिश्चितता और संस्थागत निवेशकों का रुख बाजार को प्रभावित कर सकता है।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 फीसदी के नुकसान के साथ 99 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, भारतीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रहे क्योंकि निवेशक अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

अन्य एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्केई, चीन का शांघाई कम्पोजिट और हॉन्गकॉन्ग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में गिरावट थी। *भाषा*

# सेबी ने शेयर ब्रोकरों का जोखिम सुरक्षा प्रणाली मंच 'आईआरआरए' बंद किया

**बाजार** नियामक सेबी ने गुरुवार को शेयर ब्रोकरों के लिए निवेशक जोखिम कम करने वाले मंच आईआरआरए को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि पूंजी बाजार में कामकाज जारी रखने की मजबूत व्यवस्था और साइबर सुरक्षा ढांचे के सशक्त होने से यह मंच अब अप्रासंगिक हो गया है।

आईआरआरए (इन्वेस्टर रिस्क रिडक्शन एक्सेस) मंच को एक अक्टूबर, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य ब्रोकरों को शेयर खरीद-बिक्री सेवाओं में बाधा आने की स्थिति में एक वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध कराना था। हालांकि, सेबी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी-आधारित कई उपाय लागू किए जाने से ब्रोकरों की परिचालन क्षमता में मजबूती आई है। इनमें 'बिजनेस कंटिन्यूटी प्लानिंग और डिजास्टर रिकवरी' (बीसीपी-डीआर) व्यवस्था, बेहतर साइबर सुरक्षा ढांचा, बाजार सुरक्षा परिचालन केंद्र और तकनीकी गड़बड़ी से निपटने के तंत्र को मजबूत करना शामिल है।

सेबी के मुताबिक, शेयर ब्रोकरों ने ऐसे तकनीकी समाधान भी अपनाए हैं, जिससे किसी बाधा की स्थिति में मुख्य और वैकल्पिक प्रणाली के बीच आसानी से स्विच किया जा सकता है। इसके अलावा कामकाज जारी रखने के लिए स्वतंत्र 'कोल्ड साइट्स' भी विकसित की गई हैं। यह आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए तैयार वैकल्पिक स्थान होती है जिसे जरूरत पड़ने पर सक्रिय किया जाता है। सेबी के मुताबिक, शेयर बाजारों ने बताया है कि आईआरआरए मंच शुरू होने के बाद से कभी भी उपयोग में नहीं आया और मजबूत नियामकीय उपायों एवं तकनीकी प्रगति के कारण यह संरचनात्मक रूप से अप्रासंगिक हो गया है। बाजार नियामक ने इन्हीं कारणों और हितधारकों की प्रतिक्रिया के आधार पर इस मंच को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया है। *भाषा*

**सवाल जवाब**

# ज्यादा अनुशासित हो गई है खुदरा ट्रेडिंग : अपस्टॉक्स सीईओ

**डिस्काउंट ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म अपस्टॉक्स के सह-संस्थापक और सीईओ रवि कुमार का कहना है कि पश्चिम एशिया की जंग की वजह से हाल में हुई उथल-पुथल ने निवेशकों की गतिविधियों में तेजी ला दी है। साथ ही, महामारी के बाद जो तेजी आई थी, उसमें अब व्यापक भागीदारी के रुझान सामान्य होते दिख रहे हैं। सुंदर सेतुरामन को दिए ईमेल इंटरव्यू में कुमार ने कहा कि खुदरा निवेशक अब ज्यादा समझदार और जोखिम के प्रति जागरूक हो रहे हैं क्योंकि उनका ट्रेडिंग व्यवहार अब बाजार की तेजी के आधार पर दांव लगाने से हटकर ज्यादा अनुशासित रणनीतियों की ओर हो रहा है। संपादित अंश...**



**पश्चिम एशिया के संघर्ष ने ट्रेडिंग रुझानों को कैसे प्रभावित किया है?**

इस संघर्ष ने विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर निवेशकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ा दी है। निवेशक बाजारों पर ज्यादा सक्रियता से नजर रख रहे हैं। पोर्टफोलियो को फिर से संतुलित कर रहे हैं। अनिश्चितता के माहौल में पोजीशन की हेजिंग कर रहे हैं। अनिश्चितता की ऐसी अवधि में आमतौर पर गतिविधियोंमें तेजी आती है। उतार-चढ़ाव बाजारों की विशेषता है और भारतीय निवेशक धीरे-धीरे इसे लेकर ज्यादा परिपक्व हो रहे हैं।

**2025-26 में डीमैट खातों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ गई। ऐक्टिव क्लाइंटों की संख्या भी कम हुई है। क्यों?**

महामारी के बाद खुदरा निवेश में जबरदस्त तेजी आई। फिर वित्त वर्ष 2025-26 में चीजें सामान्य होती दिख रही हैं। डेरिवेटिव पर नियामक की सख्ती और बाजार में गिरावट की वजह से पूरे उद्योग में नए खाते खोलने और सक्रिय भागीदारी दोनों में ही कमी आई है। यह कोई सिस्टम की कमजोरी नहीं है बल्कि यह बहुत तेजी से हो रही बढ़ोतरी से हटकर सतत भागीदारी की ओर बदलाव का संकेत है।

**डेरिवेटिव पर ट्रेड होने वाले अनुबंधों की संख्या घट गई है। इसका अपस्टॉक्स जैसे डिस्काउंट ब्रोकरों पर क्या असर पड़ा है और आपकी क्या रणनीति है?**

डेरिवेटिव इस उद्योग के लिए कमाई का अहम जरिया बने हुए हैं। इसलिए वॉल्यूम कम होने से थोड़े समय के लिए दबाव जरूर बनता है। लेकिन हमारी रणनीति विविधीकरण पर केंद्रित है। हमारे कमोडिटीज बिजनेस के मासिक राजस्व में लगभग 5 गुना बढ़ोतरी हुई है, हमारी मार्जिन ट्रेडिंग फ़ैसिलिटी (एमटीएफ) बुक सालाना आधार पर दोगुनी हो गई है। हम इंश्योरेंस, लेंडिंग और ऐसेट मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी विस्तार कर रहे हैं।

**क्या आपने सितंबर 2024 में आई गिरावट और नियामकीय सख्ती के बाद से डेरिवेटिव ट्रेडरों के व्यवहार में कोई बदलाव देखा है?**

हां, व्यवहार में स्पष्ट बदलाव आया है। रिटेल ट्रेडर अब ज्यादा सोच-समझकर फैसला लेते हैं और जोखिम के प्रति ज्यादा जागरूक हो गए हैं। पिछले सालों की जोशीली और मोमेंटम आधारित रणनीतियों की जगह अब ज्यादा अनुशासित और जानकारीपूर्ण भागीदारी ले रही है।

**'टू-टू-लेबल' नियम किस तरह काम कर रहे हैं? क्या सेबी को इस कदम पर फिर से विचार करना चाहिए?**

निवेशकों का भरोसा और पारदर्शिता बाजार की लंबी अवधि की वृद्धि के लिए बुनियादी बात है। 'टू-टू-लेबल' नियम स्पष्टता बढ़ाते हैं और योजनाओं को निवेशकों की उम्मीदों के अनुरूप बनाते हैं। हालांकि इन्हें लागू करने के लिए कामकाज के तरीकों में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं।

**खुदरा निवेशकों के लिए सेबी एल्गो ट्रेडिंग शुरू कर रहा है। इस पर आपकी राय?**

खुदरा निवेशक अब ज्यादा से ज्यादा आधुनिक टूल्स और ऑटोमेशन क्षमताएं चाह रहे हैं। हम इस क्षेत्र में इनोवेशन का स्वागत करते हैं, बशर्ते जोखिम प्रबंधन और निवेशकों की सुरक्षा अहम रहे। अगर जिम्मेदारी से लागू किया जाए तो एल्गो एक्सेस से खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी हद तक बढ़ सकती है।

**वित्त वर्ष 26 में अपस्टॉक्स के ऐक्टिव क्लाइंटों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली। इसकी क्या वजह थी और आईपीएल विज्ञापन बंद करने का क्या कारण था?**

हमारा फोकस अब आक्रामक, वॉल्यूम आधारित अधिग्रहण से हटकर ज्यादा बेहतर गुणवत्ता वाली, रिटेंशन आधारित वृद्धि पर आ गया है। ऐक्टिव क्लाइंटों के रुझान ज्यादातर बड़े बाजार के सामान्य होने और नियामकीय बदलावों को दिखाते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे महंगे प्रचार को कम करना सोच-समझकर लिया गया फैसला था, जिसका मकसद यूनिट इकनॉमिक्स को बेहतर बनाना था, न कि अपनी महत्वाकांक्षा को धीमा करना।

**कंपनी को सूचीबद्ध कराने की योजना?**

हमें सूचीबद्ध होने की जल्दी नहीं है। एक मजबूत बैलेंस शीट, अच्छी लाभप्रदता और जबरदस्त नकदी प्रवाह के साथ हमारी प्राथमिकता लंबे समय तक टिकाऊ मूल्य बनाना है। हम बाजार में तभी सूचीबद्ध होंगे जब समय और बाजार के हालात सबसे अच्छे होंगे।





**31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

₹ लाख में (प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्रम संख्या | विवरण | तिमाही का अंत | | | वर्ष का अंत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) | 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | कुल आय | 97,561 | 1,13,034 | 78,241 | 3,80,440 | 3,26,598 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं से पूर्व) | 1,162 | 11,502 | (129) | 15,597 | 1,978 |
| 3 | कर से पूर्व की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं के बाद | 1,254 | 11,291 | 2,289 | 15,478 | 4,396 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं के बाद | 1,128 | 8,799 | 1,851 | 12,400 | 4,577 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय ख( कर के बाद) की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और (कर के बाद) अन्य व्यापक आय सहित, | 1,186 | 8,776 | 1,762 | 12,381 | 4,296 |
| 6 | भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (₹10 प्रति शेयर का अंकित मूल्य) | 7,946 | 7,944 | 1,980 | 7,946 | 1,980 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | | 87,164 | 79,038 |
| 8 | पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के सिवाय) | | | | | |
| 9 | (₹10/- प्रति) शेयर कमाई (वार्षिकृत नहीं है) | | | | | |
| | (क) मूल (₹) | 1.49 | 11.08 | 2.34 | 11.79 | 5.78 |
| | (ख) तरल (₹) | 1.48 | 11.03 | 2.31 | 11.74 | 5.72 |

**ध्यान दें:**

उपरोक्त जानकारी तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का अंश है, जिसे SEBI (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में भरा जाता है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की www.nseindia.com/www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.vmart.co.in पर उपलब्ध है।

इन वित्तीय परिणामों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्दिष्ट अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत सूचित अनुसार भारतीय लेखा मानक ('Ind-AS') के अनुसरण में तैयार किया गया है।

उक्त वित्तीय परिणामों की जाँच लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और इसकी मंजूरी 7 मई 2026 को आयोजित कंपनी के बोर्ड निदेशकों की बैठक में दी गई है। वैधानिक लेखा परीक्षकों ने इन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की है और इन परिणामों पर एक अपरिवर्तित राय जारी की है।

कृते और **वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड** के बोर्ड निदेशकों की ओर से
अद्योहस्ताक्षरी/-
**ललित अग्रवाल**
प्रबंध निदेशक
**DIN: 00900900**

**स्थानः** गुरूग्राम
**दिनांकः** 7 मई, 2026

**वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय- 610-611, गुरू राम दास नगर, मेन मार्केट, SBI बैंक के सामने, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली -110092
कॉर्पोरेट कार्यालय- प्लॉट नं. 90-डी, सेक्टर 18, उद्योग विहार, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा)
टेलीः 0124-4640030; ईमेलः cs@vmart.co.in; वेबसाइटः www.vmart.co.in; CIN- L51909DL2002PLC163727